卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 53 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦शुक्रवार ♦28 नवम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## ऐतिहासिक होगा अर्द्धकुम्भ: धामी

### सीएम ने की अखाड़ों के साथ बैठक, पहला शाही स्नान 14 जनवरी को

हरिद्वार। अर्धकुंभ मेला 2027 की तैयारियों और अखाड़ों को इस ऐतिहासिक मेले में आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हरिद्वार डाम कोठी में अखाड़ा प्रतिनिधियों के साथ पहली उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में मेला प्रशासन की ओर से 13 अखाड़ों के दो-दो सचिव या नामित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में पूज्य साधु-संतों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने कुंभ 2027 के शाही स्नानों की तिथियों की घोषणा भी की। मेले का प्रथम शाही स्नान 14 जनवरी 2027 को आयोजित होगा। कुछ दिन पहले जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय



अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरिगिरि महाराज द्वारा अर्धकुंभ को लेकर दिए गए बयान से अखाड़ों और प्रशासन के बीच हलचल मच गई थी। इस पर मेला प्रशासन ने संत महात्माओं को समझाने का प्रयास किया। इसी के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संतों के साथ बैठक करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। परंपरा के अनुसार, कुंभ और अर्धकुंभ को लेकर आयोजित पहली बैठक में मुख्यमंत्री अखाड़ों के सुझाव लेते हैं और उन्हें मेले में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा अर्धकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारी आस्था, संस्कृति और विश्व में भारतीय पहचान का प्रतीक है। हम चाहते हैं कि अर्धकुंभ मेला कुंभ की भव्यता और दिव्यता का अनुभव दे। इसके लिए अखाड़ों, संत समाज और श्रद्धालुओं की सहभागिता अत्यंत (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार की टक्कर से बाइक सवार ममेरे भाइयों की मौत


चमोली(उद संवाददाता)। जिले में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिरही के पास गुरुवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार दो ममेरे भाइयों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब विपरीत दिशा से तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने



बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय राहुल पुत्र भवान सिंह और उनका ममेरा भाई 27 वर्षीय कमल सिंह पुत्र रणजीत सिंह, निवासी रामणी नंदानगर किसी रिश्तेदार की शादी से घर लौट रहे थे। बाइक पर घर लौटते समय बिरही में बीआरओ कैंप के पास चमोली की ओर से आ (शेष पृष्ठ सात पर)

## ओवरलोड ट्रक की टक्कर से गन्ने से भरी दो ट्रालियां और ट्रैक्टर पलटे, हाईवे हुआ जाम

किच्छा। राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर शंकर फॉर्म के पास सुबह एक ओवरलोड भूसी से भरे ट्रक की टक्कर से किच्छा की ओर जा रही गन्ने से भरी दो ट्रॉली और ट्रैक्टर पलट गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में टूट गया और उसके अगले दोनों पहिए तथा इंजन कई मीटर दूर जा गिरे। हादसे में धोरा डम निवासी दो ट्रैक्टर चालकों को चोटें आई हैं। पलटने के कारण ट्रॉली पर लदा गन्ना सड़क पर फैल गया और राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक बाधित हो गया। सूचना मिलते ही 112 पुलिस मौके



पर पहुंची और हाइड्रा की मदद से ट्रॉली को हटाकर यातायात सुचारू किया गया। ट्रैक्टर चालक ने बताया कि वह गन्ना लोड करके किच्छा शुगर मिल ले जा रहे थे। शंकर फॉर्म के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे ओवरलोड भूसी ट्रक ने दो ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और पलट गई।

## सिरौली में कई मकान सील, एक मकान ध्वस्त

### अवैध रूप से हो निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण का एक्शन

किच्छा। स्टांप पर खरीदी गई भूमि पर बगैर नक्शे हो रहे निर्माण के खिलाफ कर दिया और एक मकान ध्वस्त कर दिया। इस दौरान कई स्थानों पर बिना लेते हुए चालान की कार्रवाई की गई और मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये गये।





जिला विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को बड़ा एक्शन लेते हुए कई मकानों को सील कनेक्शन के बिजली संयोजन कर निर्माण कर किया जा रहा था जिस पर एक्शन शुक्रवार दोपहर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय (शेष पृष्ठ सात पर)

## विवाह समारोह में बच्चों से कराई फायरिंग,वीडियो वायरल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एक विवाह समारोह के दौरान बच्चों से फायरिंग कराए जाने का वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया। वायरल वीडियो पुलिस तक पहुंचने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने तुरंत जांच के निर्देश दिए है। जानकारी के अनुसार यह वीडियो गदरपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि समारोह में डीजे की धुन पर लोग डांस कर रहे हैं, जबकि चार-पांच लोग और दो बच्चे एकत्र हैं। इनमें से एक बच्चे के हाथ में पिस्टल या रिवाल्वर है, जिससे वह हवा में फायरिंग कर रहा है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि बच्चों से फायरिंग कराना गंभीर अपराध है। वायरल वीडियो की जांच की जा रही है कि यह घटना कहां और कब हुई। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी जगह इस प्रकार की गतिविधि पाए जाने पर पुलिस न केवल प्राथमिकी दर्ज कराएगी, बल्कि असलहे का लाइसेंस निरस्तीकरण सहित कड़ी कार्रवाई भी करेगी। जिला प्रशासन (शेष पृष्ठ सात पर)

## जयंती पर स्वतंत्रता सेनानी शुक्ल को किया नमन

रूद्रपुर। स्वतंत्रता सेनानी पं.रामसुमेर शुक्ल की 110 वीं जयंती पर आज डीडी चौक पं रामसुमेर शुक्ल स्मृति मेडिकल कालेज में स्थित उनकी प्रतिमा पर मेयर विकास शर्मा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, ब्लाक प्रमुख रीना गौतम, जितेन्द्र गौतम, नगर पालिका नगला के चैयरमेन सचिन शुक्ला, भारत भूषण चुघ आदि नेताओं के साथ स्वतंत्रता सेनानी पं. शुक्ल के पौत्र पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पार्टी कार्यकर्ताओं संग पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर श्री शुक्ला ने कहा कि स्वतंत्रता




सेनानी पं. रामसुमेर शुक्ल ने स्वतंत्रता आन्दोलन के सदस्य के रूप में बढ़चढ़कर भाग लिया था। उन्होंने कहा कि पं. शुक्ल का यहां आना और यहां तराई को बसाना आज तक न सिर्फ तराई के लोग बल्कि दूर दराज के लोग भी याद करते हैं। पं. सुमेर ने इस तराई में सैकड़ों लोगों को बसाया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए भरपूर मदद की। यह इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. रामसुमेर शुक्ल ने जहां तराई को बसाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। अब उनके सभी परिजन उनके पद चिन्हों पर चलते हुए इस क्षेत्र को चहुंमुखी विकास प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें समस्त क्षेत्रवासियों से हमेशा अपनत्व रहा है। इस मौके पर मेयर विकास शर्मा ने पं. रामसुमेर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा शीघ्र ही शहर में स्वतंत्रता सेनानी पं. रामसुमेर स्मृति द्वार का निर्माण कराया जायेगा। इस मौके पर पूर्व मेयर रामपाल सिंह, राजेश तिवारी, मनीष शुक्ला, दिनेश शुक्ला, छत्रपाल सिंह, (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘धामी राज’ में ‘रिवर्स पलायन’ ने पकड़ी रफ्तार

### रोजी-रोजगार के लिए पहाड़ से पलायन करने वाले अब करने लगे घर वापसी,विदेश से भी लोग लौट रहे उत्तराखंड,दूसरों को भी दे रहे रोजगार

-अर्श-

देहरादून। राज्य निर्माण के बाद से ही पहाड़ों से पलायन उत्तराखंड की एक बड़ी विभीषिका रही है। पहाड़ में बुनियादी सुविधाओं का अभाव एवं रोजी- रोजगार के साधनों की अनुपलब्धता इसकी एक प्रमुख वजह रही है। राज्य में पलायन से जुड़ी एक बड़ी विडंबना यह रही कि अब से पहले पहाड़ से पलायन को लेकर सरकारी स्तर पर केवल चिंता ही जाहिर की जाती थी, धरातल पर पलायन रोकने तथा प्रवासियों को उत्तराखंड में वापस स्थापित करने की दिशा में कारगर सरकारी उपाय काम ही देखने को मिलते थे ,लेकिन जैसे ही पुष्कर सिंह धामी की वर्तमान उत्तराखंड सरकार ने पहाड़ों पर बुनियादी सुविधाओं का ढांचा मजबूत किया, वैसे ही इसके सुखद परिणाम सामने आने शुरू हो गए हैं तथा रोजी-रोजगार के लिए उत्तराखंड छोड़ने वाले लोग अब घर वापसी करके, अपने आप को तो उत्तराखंड में स्थापित कर ही रहे हैं साथ ही अन्य लोगों के लिए भी रोजगार का सृजन कर रहे हैं। अभी हाल में ही उत्तराखंड पलायन आयोग में प्रदेश में



वापस लौटे प्रवासियों को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इसके आंकड़े काफी राहत देने वाले हैं। पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अगस्त 2025 तक तकरीबन 6282 लोगों ने रिवर्स पलायन किया है। ये लोग रोजी- रोजगार के चलते लंबे समय से अपने गांव से दूर रह रहे थे। इन्होंने पिछले कुछ सालों में ही पलायन किया था, लेकिन पिछले कुछ सालों में प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार एवं विकास एवं सरकारी प्रोत्साहन के बाद धीरे-धीरे इनका रिवर्स पलायन आरंभ हो गया है। खास बात तो यह है कि रिवर्स पलायन करने वाले लोगों ने उत्तराखंड लौट कर एग्रीकल्चर, पशुपालन, लघु उद्योग, हस्तशिल्प, पर्यटन और होमस्टे जैसे कारोबार में हाथ आजमाया है। पलायन आयोग के आंकड़ों के अनुसार रिवर्स पलायन करने वाले जिलों में सबसे ज्यादा 1213 लोगों ने पौड़ी जिले में रिवर्स पलायन किया है। इसके बाद अल्मोड़ा में 976 टिहरी में 827 और चमोली जिले में 760 लोगों ने तथा पूरे उत्तराखंड में 6282 लोगों ने रिवर्स पलायन किया है। पलायन आयोग की हालिया रिपोर्ट का सबसे उत्साह जनक पहलू यह है कि उत्तराखंड में अब तक169 लोगों ने देश के बाहर से भी रिवर्स पलायन किया है। इनमें से सबसे ज्यादा 66 लोग टिहरी जिले में विदेश (शेष पृष्ठ सात पर)

# यात्रियों से भरा टेम्पो पलटा, कई घायल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। हल्द्वानी मार्ग पर आज दोपहर दिनेशपुर मोड़ के पास लालकुआं से यात्रियों को लेकर रुद्रपुर आ रहा टेम्पो अचानक असंतुलित होकर पलट गया। जिसे कई यात्रियों को चोटें आ गई। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। घटना की वजह टेम्पो के पीछे आ रही बस के चालक द्वारा लगातार प्रेशर हॉर्न बजाना बताया जा रहा है। जिससे टेम्पो चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। जानकारी के अनुसार टेम्पो संख्या यूके 06 टी ए 7183 का चालक अमीर हसन लालकुआं से चार सवारियां लेकर रुद्रपुर की ओर आ रहा। मार्ग में नगला में तीन



लोग और टेम्पो में सवार हुए। मार्ग में पीछे से आ रही एक बस का चालक लगातार प्रेशर हॉर्न बजा रहा था। इसी दौरान टेंपो चालक अमीर हसन घबरा गए और वाहन का संतुलन बिगड़ गया। टेंपो सड़क से नीचे उतरकर गड्ढे में पलट गया। जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। कई यात्रियों को चोटें आ गई। हादसे में दो महिलाओं 23 वर्षीय रजंति पुत्री विजय कुमार, निवासी हल्दी व फूलबती पत्नी स्वर्गीय तुलसी, निवासी हल्दी की हालत गंभीर होने से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं, लेकिन वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य करते हुए घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। चालक अमीर हसन ने बताया कि बस चालक की लगातार प्रेशर हॉर्न बजा रहा था। जिस कारण वह वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने टेम्पो चालक व घायल यात्रियों से मामले की विस्तार से जानकारी ली।

# समयसीमा के भीतर पूर्ण करें बांध निर्माण कार्य : भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।देर सांय सांसद अजय भट्ट ने सर्किट हाउस सभागार में जमरानी बांध परियोजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। सांसद श्री भट्ट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े महत्वाकांक्षी ड्रीम प्रोजेक्ट का कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी कतई स्वीकार नहीं की जाएगी और यदि परियोजना प्रगति समय से पीछे पाई जाती है तो संबंधित कंपनी पर नियमों के अनुसार पेनल्टी लगाई जाए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन मुआवजा धारकों को तत्काल मुआवजा वितरित किया जाए और जो भी मुआवजाधारी उपलब्ध नहीं हैं अथवा जिनका भुगतान लंबित है उनका मुआवजा सुरक्षित रूप से संरक्षित रखा जाएए ताकि उनकी उपलब्धता होने पर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित हो सके।उन्होंने प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग निर्माण गुणवत्ता पर सतत निगरानी तथा सभी कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में महाप्रबंधक महेश कुमार खरे ने प्रोजेक्ट की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि डाएवर्जन टनलों का कार्य प्रगति पर



है। गौलानदी में 26 मी0 एवं 09 मी0 ऊंचे कॉफर डैम का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया हैउन्होंने बताया डाएवर्जन का कार्य माह जून 2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा व आगामी मानसून में नदी का सम्पूर्ण बहाव डाएवर्जन टनल के माध्यम से निकाला जा सकेगा तथा मुख्य बांध निर्माण का कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि परियोजना के अन्तर्गत आवासीय कालोनियों, कार्यालयों आदि का निर्माण व अनुरक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जमरानी बांध परियोजना निर्माण के पश्चात, जिला बरेली, रामपुर, उधमसिंह नगर एवं नैनीताल के क्षेत्रों नहरों से पानी भेजा जायेगा। इन नहरों का पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्वार का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान तक 8 किमी नहरों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा जुलाई 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया परियोजना के डूब क्षेत्र में जो 1297 परियोजना प्रभावितों में 1100 को लगभग 406.00 करोड का मुआवजा वितरित कर दिया गया है व प्रभावितों के पुर्नवास हेतु प्राग फार्म में कालोनी विकसित किये जाने का कार्य प्रगति पर है। बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी, उप महाप्रबन्धक पीआईयू ललित कुमार, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, परियोजना प्रबन्धक जमरानी अजय पंत, शाह नवाज, उपराजस्व अधिकारी जमरानी चन्द्र शेखर, सहायक परियोजना प्रबन्धक संजय तिवारी एवं इमरान उपस्थित थे।

# बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में जुटें शिक्षक : तारा सिंह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। न्याय पंचायत संसाधन केंद्र लाखन मंडी के अंतर्गत आने वाले 16 प्राथमिक, जूनियर ,हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट कॉलेज के विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लाखनमंडी में प्रारंभ हुआ।प्रशिक्षण के प्रथम दिन ब्लॉक परियोजना अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, विद्यालय प्रबंधन समिति को विद्यालय के शैक्षिक एवं भौतिक संसाधनों में सहयोग करने एवं विद्यालय के प्रति समाज को अपनत्व का भाव रखने के साथ ही कई बिंदुओं पर निर्देशित किया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बालिका शिक्षा के अंतर्गत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत प्रतिभागियों को शपथ भी दिलाई गई।जिसमें समाज में बेटियों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करने, बालक, बालिकाओं को समान शिक्षा के लिए प्रेरित करने, आसपास की महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न व अहिंसा के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज उठाने, समाज में दहेज प्रथा,



कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराइयों के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने, समुदाय में 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं की शादी, निकाह नहीं होने देने और सब मिलकर अपने प्रदेश और राष्ट्र को विकसित करने के लिए सदा तैयार रहने की शपथ भी दिलाई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम दिवस समग्र शिक्षा अभियान के उद्देश्य, परिचय, एसएमसी का गठन, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के मुख्य प्रावधान ,बाल अधिकार व बाल संरक्षण ,सामुदायिक सहभागिता की उपयोगिता, सामाजिक सम्परीक्षा के महत्व उसका क्रियान्वयन, अनुश्रवण, स्थानीय प्राधिकार के उत्तरदायित्व, परिवेश की जानकारी, संसाधनों की उपलब्धता, स्कूल मेपिंग, बाल गणना, नामांकन , विद्यालय में ठहराव,पीएम पोषण योजना के संचालन में विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका आदि बिंदुओं पर परिचर्चा के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में डिकर सिंह पडियार व हिमांशु रौतेला रहे। प्रशिक्षण में श्रीमती शोभा पन्त, प्रवक्ता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोरगलिया नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित रही। उन्होंने बालिका शिक्षा पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को बालिका अगर शिक्षित होगी तो पूरा घर शिक्षित होगा तथा प्रत्येक अभिभावक को अनिवार्य रूप से अपनी बालिकाओं को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित भी किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से निर्मला रूवाली, उमा कार्की, गिरीश चंद्र पांडे, अनुराधा सक्सेना, शशि मर्तोलिया, गीता जन्तवाल, संगीता कोरंगा, सविता देवी, पूरनलाल कनौजिया, सपना महतोलिया, शोभा शर्मा तनुजा मेलकानी सहित विभिन्न विद्यालयों की विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# एक्सीडेंट के आरोपी ट्रक चालक पर मुकदमा

काशीपुर। दुर्घटना की चपेट में आकर युवक की हुई दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम लाडपुर निकट बथुआ खेड़ा तहसील स्वार जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी तौफीक पुत्र नन्हू ने बताया कि बीते 26 नवंबर को उसका भाई दानिश ग्राम मझरा बहादर, तहसील व थाना स्वार जनपद रामपुर निवासी दोस्त एहसान के साथ मोटरसाइकिल संख्या यूपी 22एस/8177 पर सवार होकर मानपुर रोड स्थित आर के इंडस्ट्रीज से काम करके वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान मार्ग में लोहिया पुल के समीप शाम लगभग 6:00 बजे सामने से द्रुत गति से चले आ रहे ट्रक संख्या यूपी 25बीटी/1777 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से बाइक में टक्कर मारकर दानिश को मौत की नींद सुला दिया जबकि पीछे सवार एहसान अली एक्सीडेंट की इस घटना में छिटककर दूर जा गिरा। दुर्घटना में एहसान को भी गंभीर चोटें आई है जिसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो महिलाएं लापता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में हाल ही में दो अलग-अलग मामलों में महिलाओं की गुमशुदगी की शिकायत पुलिस को मिली है। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पहले मामले में राकेश कुमार रावत निवासी सजय नगर खेड़ा वार्ड नं. 11 ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी मीना, उम्र लगभग 40 वर्ष, दिनांक 03 नवंबर 2025 को रात लगभग 8 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने पत्नी की सभी सम्भावित जगहों और रिश्तेदारों में तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। दूसरे मामले में अनिल कुमार सिंह निवासी जगतपुरा मुखर्जी नगर वार्ड नं. 4 ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी पत्नी बबिता, उम्र 35 वर्ष, अपने चार बच्चों के साथ रहती हैं। दिनांक 24 अक्टूबर 2025 को प्रार्थी गाजियाबाद अपने रिश्तेदार के पास गए हुए थे। उस दिन सुबह बबिता ड्यूटी के लिए घर से आरबी इंटरप्राईजेज सेक्टर 4, सिडकुल पंतनगर गई थीं और शाम तक घर वापस नहीं लौटीं। बबिता का मोबाइल नंबर बंद है। दोनों मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और संबंधित क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# राष्ट्रीय संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर के सचिव योगेन्द्र कुमार सागर के निर्देशन में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या रश्मि मोर्या ने की।कार्यक्रम में छात्रों को भारतीय संविधान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है, जिसे 26 नवंबर 1949 को पारित किया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। संविधान देश को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बनाता है। इसमें सरकार की संरचना, शक्तियाँ और नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य स्पष्ट रूप से परिभाषित हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का जनक माना जाता है। इसे बनाने में कुल 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगे। संविधान सभी नागरिकों को न्याय के अधिकार प्रदान करता है और देश का मार्गदर्शन करता है।कार्यक्रम में छात्रों के बीच स्लोगन, निबंध और ड्रोइंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सेवाओं, स्थायी लोक अदालत, छासै टोल फ्री नंबर 15100, और राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता राकेश कुमार सुखीजा एवं पराविधिक कार्यकर्ता राजकुमारी, मीना, कुंवर सिंह, क. सुरेश गिरी, प्रियंका कोरंगा और ममता मेहरा ने छात्राओं को विधिक जागरूकता और मानव तस्करी से संबंधित जानकारी प्रदान की। स्कूल के स्टाफ सदस्य ज्योति, नूर, उर्वशी, दीपा, शिवानी, ममता, मिन्ती, विजेता, मधु, सपना, रजनी और नंदनी सहित छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया।

# पंतनगर विश्वविद्यालय में नॉर्थ जोन 'अन्वेषण 2025' का भव्य समापन

पंतनगर(उद संवाददाता)। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नॉर्थ जोन 'अन्वेषण 2025' का समापन गांधी हाल में हुआ। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) मनमोहन सिंह चौहान मुख्य अतिथि रहे, जबकि पूर्व कुलपति डा. ओ.पी.एस. नेगी और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरणविद् विनोद प्रसाद जुगलन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में देशभर से आए प्रतिभागियों, निर्णायक मंडलों, अधिष्ठाताओं, निदेशकों और छात्रों ने भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए पर्यावरणविद् विनोद प्रसाद जुगलन ने छात्रों की सहभागिता की सराहना की और कहा कि नवाचार तभी पनपता है जब छात्रों को नए प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने पर्यावरणीय स्थिरता को आज के शोध का अनिवार्य अंग बताते हुए जलवायु-संवेदनशील तकनीकों और पर्यावरण-हितैषी नवाचारों




पर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। कुलपति प्रो. चौहान ने कहा कि 'अन्वेषण' युवाओं को शोध, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा वैज्ञानिकों के नवाचार भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को मजबूती देंगे। पूर्व कुलपति डा. नेगी ने शोधार्थियों को पारंपरिक सीमाओं से परे जाकर सोचने की सलाह दी। एआईयू के संयुक्त निदेशक (शोध) डा. अमरेन्द्र पाणि ने बताया कि 2025 में लागू नई मूल्यांकन प्रणाली के तहत प्रतिभागियों की पहचान को गोपनीय रखा गया। सभी टीमों को कोड आवंटित किए गए और मूल्यांकन सात मानदंडों के आधार पर किया गया, जिसकी निर्णायकों ने सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान दिवस के उपलक्ष्य में डा. दीपा विनय द्वारा संविधान की शपथ दिलाने से हुई। टर्निटिन सॉफ्टवेयर पर सुश्री चेताली शर्मा ने शैक्षणिक ईमानदारी एवं शोध गुणवत्ता बढ़ाने संबंधी व्याख्यान प्रस्तुत किया। 'अन्वेषण 2025' की उपलब्धियों पर आधारित रिपोर्ट तथा सम्मेलन में किए गए शैक्षणिक कार्यों को संकलित करने वाली 'स्कॉलरी रिसर्च बुक' का विमोचन भी समारोह का प्रमुख आकर्षण रहा। उत्तर भारत की 120 से अधिक टीमों ने इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से अनुसंधान परियोजनाएँ प्रस्तुत कीं। छह थीमों कृषि विज्ञान, सोशल साइंस एवं ह्यूमैनिटीज, इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च, इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी, हेल्थ साइंस एवं एलाइड साइंस तथा बेसिक साइंसख्रमें कुल 18 टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रमुख विजेताओं में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, स्वामी विवेकानन्द सुभारती यूनिवर्सिटी, गुरु काशी यूनिवर्सिटी, श्री गुरु गोविंद सिंह त्रिसेंटेनरी यूनिवर्सिटी और पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की टीमें शामिल रहीं। समारोह के अंत में डा. आर.एस. जादौन ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और बताया कि चयनित 18 टीमें अब अंतरराष्ट्रीय 'अन्वेषण 2025' में उत्तर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगी। कुलपति प्रो. चौहान ने कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। आयोजन को सफल बनाने में एसबीआई पंतनगर, बीआईएस पंतनगर, 4ए पंतनगर, उत्तराखंड बायोटेक काउंसिल और टर्निटिन टीम का सहयोग प्राप्त हुआ।

# फायरिंग मामले में वांछित अभियुक्त तमंचा सहित गिरफ्तार



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना ट्राजिट कैम्प पुलिस ने फायरिंग करने के एक मामले में वांछित एक अभियुक्त को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार 1 नवम्बर को सोनू राठौर पुत्र बेचे लाल राठौर निवासी शास्त्री नगर गढ्ध्ढा कॉलोनी वार्ड 12, ट्रांजिट कैम्प द्वारा तहरीर दी गई थी। जिसमें मनोज राठौर, सुनीता पत्नी मनोज राठौर, राहुल राठौर, दीपक राठौर निवासी खेड़ा वार्ड 18 रूद्रपुर। इनके साथी अशोक गुप्ता हाल निवासी प्रीत विहार शनि मन्दिर रूद्रपुर, प्रिन्स चौहान, निवासी खेड़ा वार्ड 17,धूर्व चौधरी, निवासी भदईपुरा वार्ड 14 व 4 से 5 अज्ञात के विरुद्ध आरोप लगाया गया था कि अभियुक्त गणो के द्वारा उसकी बहन माता के साथ गाली गलोच कर मारपीट की गई और अपनी माता बहन को बचाने पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त मनोज राठौर , सुनीता पत्नी मनोज राठौर, राहुल राठौर, दीपक राठौर निवासी खेड़ा वार्ड 18 रूद्रपुर इनके साथी अशोक गुप्ता हाल निवासी प्रीत विहार शनि मन्दिर रूद्रपुर, प्रिन्स चौहान, निवासी खेड़ा वार्ड 17,धूर्व चौधरी, निवासी भदईपुरा वार्ड 1 4 व 4 से 5 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही थी। जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने सिडकूल रोड से मुकदमा मे शामिल राहूल राठौर पुत्र श्यामा चरण राठौर निवासी साई मंदिर के सामने वाली रोड खेड़ा को एक अवैध तमचा 32 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। जबकि मुकदमे अन्य नामजद अभियुक्त गणोकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन पाण्डे ने बताया कि गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है सभी अभियुक्त अपने अपने घरो से फरार चल रहे है। जल्द ही अभियुक्त गणो के विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारण्ट प्राप्त कर कुर्की की कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक महेश काण्डपाल व का. विपेन्दर सिह शामिल थे।

# सहकारी मेले के माध्यम से महिला समूहों और किसानों को मिला सशक्त बाजार मंच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में जनपद नैनीताल में आयोजित सहकारिता मेला आज एम.बी. इंटर कॉलेज मैदान, हल्द्वानी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने कृषि विभाग की गोष्ठी का शुभारंभ किया और सहकारिता मेले द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों तथा स्थानीय उत्पादों को वाले प्रतिकूल प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में कृषि, उद्यान एवं मत्स्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों– आनन्दमणि भट्ट, शोभन सिंह तथा दीपक सती को कृषि विभाग द्वारा 25,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। किसान विज्ञान केंद्र की डॉ. दीपाली तिवारी ने भी किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान आत्मा किया। प्रगतिशील किसान आनंदमणि भट्ट ने अपनी कृषि यात्रा साझा करते हुए बताया कि किसान विभागीय योजनाओं का अधि कतम लाभ कैसे उठा सकते हैं। कार्यक्रम का समापन मलिका कला मंच की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुआ। कृषि गोष्ठी के बाद सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें लोकगायिका ममता आर्या ने अपने गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्षेत्र के बच्चों ने नृत्य



बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कृषि विभाग की ओर से डॉ. गीतांजलि बंगारी ने फसल बीमा योजना, कृषि सम्मान निधि सहित विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। किसान विज्ञान केंद्र से डॉ. कंचन नैनवाल ने वर्तमान परिस्थितियों में प्राकृतिक खेती के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशकों के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने योजना से कमल किशोर पंत, एएओ हल्द्वानी डॉ. ममता जोशी, एएओ रामगढ़ अफरोज तथा कृषि विभाग के डॉ. जितेंद्र भास्कर ने राष्ट्रीय खाद्य तेल एवं तिलहन मिशन, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, पीएमकेएसवाई, पीएमएफबीवाई और एसएमएएम जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। मलिका कला मंच के कलाकारों ने प्राकृतिक खेती के महत्व को रोचक प्रस्तुतियों के माध्यम से उजागर प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। आंचल कला केंद्र के कलाकारों और सूचना विभाग की टीम ने भी आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। मेले के अंत में सहकारिता विभाग के जिला सहायक निबंधक दान सिंह नपलच्याल, जी.एम. रैना तथा अन्य अधिकारियों ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया।

# एनसीडब्ल्यूडीसी टीम के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एनसीडब्ल्यूडीसी की टीम के द्वारा राजपुरा में इंटरनेशनल पैडमैन लीजेंड लीडर प्रोफेसर डॉ वीरेन दवे का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपा त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष को बुके देकर, शॉल ओड़ाकर समाजसेवी डिंपल पांडे का भी स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ पूरी टीम ने पैड यात्रा की और महिलाओं को माहवारी के समय में किस तरीके की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखना है इस सब के बारे में स्वास्थ्य का ध्यान रखना इसके विषय में जागरूक करती है एवं माहवारी के समय में महिलाओं को सैनिटरी नैपकिंस का उपयोग में लानी चाहिए इसके विषय में भी बताती है। राष्ट्रीय संयुक्त सचिव चंपा चिलबाल, रूपम खन्ना, लीना शर्मा, जया कर्नाटक ने भी अपने विचार



और कुमाऊनी टोपी पहनाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय संयुक्त सचिव चंपा चिलबाल ने राष्ट्रीय सचिव उषा नरेंद्र जैन का स्वागत दुपट्टा पहनाकर और फूलों की माला पहना कर स्वागत किया। इसके अलावा महिला विंग की राष्ट्रीय सचिव दीप्ति चुफाल और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपा त्रिपाठी ने महिलाओं को बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष दवे ने कहा कि एनसीडब्ल्यूडीसी की टीम पूरे नेशनल लेवल पर कार्य कर रही है। टीम ग्रामीण क्षेत्र में जाती है और माहवारी के समय में किस तरीके से महिलाओं को अपने खानपान और व्यक्त किए। इस दौरान नलिनी त्रिपाठी, शशि सिंह, राधा आर्या, मंजू बिष्ट, सुरेश कपिल, उपस्थित रहे। मेघा त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संचालन किया। चंपा त्रिपाठी ने पूरी टीम को धन्यवाद दिया और कहा कि उनको अपनी टीम का हमेशा पूर्ण सहयोग प्रदान होता है।




# हिंदी फीचर फिल्म 'विद्या सपनों की उड़ान' का प्रदर्शन आज से

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मूवीजोन हल्द्वानी में रियल कैलिबर प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित हिंदी फीचर फिल्म 'विद्या ख्र सपनों की उड़ान' का प्रदर्शन आज 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक हल्द्वानी के मूवीजोन, बरेली रोड, हल्दुचौड़ में होगा। प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। फिल्म निर्माता–निर्देशक एवं उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के सदस्य विक्की योगी ने बताया कि इस फिल्म का निर्माण युवा फिल्म निर्माता तेजोराज पटवाल ने किया है तथा निर्देशन संजीव दास ने संभाला है। फिल्म के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सुदीप जुगरान (डॉनी) हैं। फिल्म में मुंबई, बॉलीवुड और उत्तराखंड के कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने अभिनय किया है। उन्होंने बताया कि 'विद्या' एक शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक कहानी है, जिसमें एक छोटी बच्ची की संघर्षपूर्ण यात्रा दिखाई गई है जो स्कूल में पढ़ना चाहती है और अपने सपनों को साकार करने के लिए कठिनाइयों का सामना करती है। फिल्म में मनोरंजन के साथ–साथ सामाजिक संदेश भी निहित है।फिल्म निर्माता–निर्देशक एवं उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के सदस्य विक्की योगी ने सभी सिनेप्रेमियों से परिवार सहित इस फिल्म को देखने और अपने आशीर्वाद देने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं 28 नवंबर को दोपहर 3 बजे मूवीजोन परिसर में दर्शकों के स्वागत हेतु उपस्थित रहेंगे।

# पीड़ित परिवारों को मिला न्याय, 16 दिन बाद धरना समाप्त

## अलॉटमेंट व रोजगार का रास्ता साफ, शासन-प्रशासन ने सभी मांगें मानी

शक्तिफार्म। लगातार 16 दिनों से चल रहे प्रहलाद पलसिया के पीड़ित परिवारों के धरना–प्रदर्शन का अंत गुरुवार को हो गया। लंबी खींचतान और मैराथन वार्ताओं के बाद शासन–प्रशासन एवं एक्वा पार्क समिति ने पीड़ित परिवारों की सभी प्रमुख मांगें स्वीकार कर लीं। इसमें प्रत्येक परिवार से एक सदस्य को एक्वा पार्क में रोजगार तथा प्रत्येक परिवार को पक्का मकान का अलॉटमेंट दस्तावेज उपलब्ध कराने पर सहमति जताई गई। बैठक एक्वा पार्क स्थित सभा भवन में आयोजित हुई, जिसमें असिस्टेंट डायरेक्टर संजय छीमवाल, उपजिलाधिकारी रविंद्र कुमार, कोतवाल सुंदरम शर्मा, परियोजना अधिकारी सहित प्रशासनिक टीमें मौजूद रहीं। पीड़ित परिवारों की ओर से बंगाली कल्याण समिति के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामचंद्र राय, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, और समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने बातचीत का नेतृत्व किया। धरना स्थल पर सुबह से ही माहौल तनावपूर्ण बना रहा। पीड़ित परिवारों के समर्थन में नवतेज पाल सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे, पूर्व विधायक नारायण पाल, राम नगीना, सतेंद्र कुमार, सुब्रत विश्वास, सुकुमार चक्रवर्ती सहित कई लोग नारेबाजी करते हुए उपस्थित थे। कथावाचक आचार्य रामचंद्र राय ने बीच का रास्ता निकालते हुए पीड़ित परिवारों और जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तृत वार्ता की। तैयार किए गए मांग पत्र को प्रशासन के सामने रखा गया। लंबी चर्चा के बाद प्रशासन ने सभी मांगें मान लीं। बैठक के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि अलॉटमेंट का दस्तावेज मिलने से पहले कोई भी परिवार अपना मकान खाली नहीं करेगा। कुछ बिंदुओं पर



असहमति के कारण पूर्व विधायक और अध्यक्ष जमीन पर बैठ गए, लेकिन मध्यस्थता के बाद सहमति बन गई और अनुबंध पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी हुई। इस दौरान शिवपद सरकार, समीर राय, परिमल राय, त्रिनाथ बिस्वास, उत्तम आचार्य, विनय विश्वास, सुकुमार चक्रवर्ती, सरस्वती बाला श्रीकांत, पूर्व पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे, गुरसेवक सिंह, सतेंद्र कुमार, सुब्रत विश्वास सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बता दें राजस्व विभाग ने साल 2022 में प्रहलाद पलसिया की करीब 41 एकड़ जमीन मत्स्य विभाग को हस्तांतरित की थी। विभाग ने एक साल पहले कार्रवाई कर कई एकड़ जमीन को कब्जे में ले लिया था। 13 नवंबर को मत्स्य विभाग, प्रशासन के साथ उक्त जमीन पर बने मकान को ध्वस्त कर कब्जा लेने गया। प्रभावित सात परिवारों में से चार परिवारों ने इसका कड़ा विरोध किया और उजाड़ने से पहले पुनर्वास की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।धरने को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी समर्थन दिया। इसमें पूर्व सीएम हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, पूर्व विधायक नारायण पाल, पूर्व विधायक किरण मंडल, क्रांतिकारी सुब्रत विश्वास शामिल थे।

# मेरे जीवन में ये जीवन्त ऊष्मा जरूर थी कि मैं समाज के लिए कुछ अच्छा करुंगा : धामी

## राज्यपाल ने किया सीएम धामी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित पुस्तकों का विमोचन, लेखिका संभावना पंत द्वारा किया गया है संकलन



राजभवन में पुष्कर धामी: हिमालय की जीवंत ऊष्मा और पुष्कर धामी: द वाईब्रेंट हीट ऑफ द हिमालयाज पुस्तक का विमोचन करते हुए श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य श्री प्रमोद कृष्णम जी महाराज (संभल), परमार्थ निकेतन ऋषिकेश स्वामी चिदानंद सरस्वती जी महाराज और पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड भगत सिंह कोश्यारी।





देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा आज राजभवन में देवभूमि उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर केंद्रित युवा लेखिका संभावना पंत द्वारा संकलित पुस्तकों पुष्कर धामी: हिमालय की जीवंत ऊष्मा और पुष्कर धामी: द वाईब्रेंट हीट ऑफ द हिमालयाज पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य श्री प्रमोद कृष्णम जी महाराज (संभल), परमार्थ निकेतन ऋषिकेश स्वामी चिदानंद सरस्वती जी महाराज और पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड भगत सिंह कोश्यारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पुस्तकों का प्रकाशन प्रभात पब्लिकेशन और रूपा पब्लिकेशन द्वारा किया गया है। राज्यपाल ने पुस्तक की लेखिका संभावना पंत को साधुवाद देते हुए कहा कि बेटियां भगवान का स्वरूप होती हैं। उनके लेखन कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने नाम संभावना के अनुरूप काम भी किया है। उन्होंने कहा कि किस तरह से







इन पुस्तकों में लेखिका ने प्रशंसनीय काम किया है कि पहाड़ के संघर्षों से जूझता बालपन, दादाजी श्री खेम सिंह जी के आदर्शों को आत्मसात करता हुआ एक युवक, माता की विनम्रता व शालीनता की शिक्षा और एक सैनिक पिता के दृढ़ता, कर्तव्य परायणता और अनुशासन में तपकर कैसे तैयार हुआ एक पुष्कर। राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बड़े-बड़े ऐतिहासिक काम हुए हैं। उत्तराखण्ड राज्य आज प्रत्येक क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में खड़ा है और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 2047 के विकसित भारत विजन के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में राज्य में विकास कार्यों के नए-नए कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं। अपने कार्यों से मुख्यमंत्री ने प्रदर्शित किया है कि वे एक फ्रंटलाइन लीडर हैं। राज्य में बड़ी-बड़ी आपदाओं चाहे सिलक्यारा हो, जोशीमठ हो या धराली से थराली, सभी जगह उन्होंने सबसे पहले प्रभावित लोगों के बीच में पहुंचकर उनकी पीड़ा पर मरहम लगाने का काम किया। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई ऐतिहासिक और दृढ़ निर्णय लिए हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश में अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बड़े आयोजन सफलतापूर्वक संपादित हुए हैं। उनके अंदर अनुशासन भी है, विनम्रता भी और करुणा भी। लेखिका द्वारा लिखित यह पुस्तक उनके इन कीर्तियों का सम्मान करती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अपने संबोधन में अपने बचपन के पगडंडियों और गाड़- गदेरों के अनुभवों को संक्षिप्त रूप में साझा किया गया। उन्होंने भावुक होकर अपनी माता जी के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि एक सैनिक की पत्नी होने के नाते किस तरह से उन्होंने पहाड़ के जीवन को जिया। उन्होंने कहा कि मैनें जीवन में यह कभी नहीं सोचा था कि मैं कुछ बड़ा बनूंगा, लेकिन मेरे जीवन में ये जीवन्त ऊष्मा जरूर थी कि मैं समाज के लिए कुछ अच्छा करुंगा। उन्होंने पुस्तक विमोचन में पधारे सभी महानुभावों, प्रकाशकों और पुस्तक की लेखिका संभावना पंत को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि देश में और राज्य में आज भारत की एकता और अखंडता, उसके प्राचीन सांस्कृतिक गौरव और रीति-नीति को पोषित - पल्लवित करने तथा युवाओं, महिलाओं और समाज की मुख्यधारा से वंचित समुदायों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने हेतु जो कार्य माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में हो रहे हैं उसी तरह के कार्य मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे हैं। इस अवसर पर कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कर्तव्य परायणता की प्रशंसा करते हुए कहा कि धामी जी समाज की, राष्ट्र की और देश- काल की वास्तविकताओं के अनुरूप निर्णय लेते हैं और कार्य करते हैं। उन्होंने लेखिका संभावना पंत को उनके इस लेखन कार्य के लिए साधुवाद दिया। पुस्तक की लेखिका संभावना पंत ने पुस्तक के सार को संक्षिप्त रूप में व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुस्तक मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के व्यक्तिगत गुणों, उनके आचरण और दूरदर्शी सोच को प्रतिबिंबित करती है। इस पुस्तक में मुख्यमंत्री जी के दादाजी, पिताजी और माताजी के उन संघर्षों को भी बयां किया गया है जिनके सानिध्य में पुष्कर सिंह धामी पले-बढ़े। पुस्तक में मुख्यमंत्री जी के युवा अवस्था से लेकर राज्य के मुख्य सेवक के शीर्ष पद तक पहुंचने की गाथा भी है तथा उनकी नेतृत्वशीलता, दृढ़ता, विनम्रता और कर्मठता का भी समावेश है। उन्होंने पुस्तक को समर्पित करते हुए उपस्थित सभी अतिथियों, महानुभावों और जनमानस को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल व श्रीमती कल्पना सैनी, विधायक श्रीमती सविता कपूर व बृजभूषण गैरोला, पदमश्री बसंती बिष्ट, टपकेश्वर महादेव मंदिर के प्रमुख किशन गिरी महाराज सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, अधिकारी गण और जनमानस उपस्थित रहे।





# लोक सेवा आयोग से चयनित 178 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने प्रदान किये नियुक्ति पत्र

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित अर्थ एवं संख्या, कृषि एवं उद्यान तथा महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के 178 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिसमें अर्थ एवं संख्या विभाग के 117, कृषि विभाग के 12 उद्यान विभाग के 30 तथा महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के 19 अभ्यर्थी शामिल है। उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सभी ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ दायित्वों का निर्वहन कर उत्तराखंड को विकसित, आत्मनिर्भर एवं देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।मुख्यमंत्री ने नव-चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय एवं समयबद्ध आँकड़े ही योजनाओं की प्रभावी रूपरेखा, क्रियान्वयन और मूल्यांकन का आधार हैं तथा अर्थ एवं संख्या विभाग राज्य में डेटा संग्रह एवं विश्लेषण का नोडल विभाग होने के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि सहायक सांख्यिकी अधिकारी सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों के प्रभाव का आकलन कर तंत्र को तथ्यपरक फीडबैक उपलब्ध कराएँ, ताकि आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम समय पर उठाए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान साढ़े 26 हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी सेवा में अवसर प्रदान किए गए हैं, जो राज्य के गठन के बाद पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, नई स्टार्टअप एवं उद्यमिता नीति, नई पर्यटन नीति, कृषि एवं फल उत्पादन तथा होम-स्टे जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के व्यापक अवसर सृजित हुए हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में रिवर्स माइग्रेशन के आँकड़ों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवसर पर श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, श्रीमती रेखा आर्या, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक भरत चौधरी, श्रीमती सविता कपूर, 20 सूत्रीय कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला, प्रमुख सचिव आर.मीनाक्षी सुंदरम, सचिव एस.एन. पाण्डेय एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# दिशा की बैठक में सांसद भट्ट ने अधिकारियों को दी सख्त हिदायतें

## विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिये तत्परता से काम करने के निर्देश



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में अध्यक्ष एवं सांसद अजय भट्ट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा और गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ पूरा किया जाए, ताकि आम जनता तक इन योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुँच सके। सर्किट हाउस काठगोदाम में आयोजित बैठक में सांसद भट्ट ने विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि दिशा की बैठकों की मॉनिटरिंग केंद्र सरकार द्वारा की जाती है, इसलिए अधिकारी कार्यों को गंभीरता के साथ, आपसी समन्वय बनाकर और समयबद्ध तरीके से पूरा करें। बैठक में पीएमजीएसवाई, लोक निर्माण विभाग, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समग्र शिक्षा, रोपवे परियोजना, प्रधानमंत्री मत्स्य योजना और पीएम सूर्यघर योजना सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जनपद में जल जीवन मिशन के कार्यों पर सांसद अजय भट्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। भीमताल के ब्लॉक प्रमुख हरीश बिष्ट ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में नल तो लगा दिए गए हैं, लेकिन नलों में पानी उपलब्ध नहीं है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर सांसद भट्ट ने जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तत्काल बैठक बुलाने के निर्देश दिए और कहा कि जहां स्रोत ही नहीं थे, वहां कनेक्शन दे देना गंभीर लापरवाही है, जिसकी जांच कर जिम्मेदारी तय की जाएगी। हल्द्वानी की ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़ ने बताया कि शहर में जेजेएम के तहत सड़कों को खोद दिया गया है, जिससे आवागमन बाधित है। सांसद के सवाल पर जेजेएम के नोडल अधिकारी विशाल सक्सेना ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग को 60 प्रतिशत धनराशि जारी कर दी गई है। एलडीए अधिकारियों ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया जारी है और शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी पर सांसद भट्ट ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सीएमओ को निर्देश दिए कि शीघ्र डॉक्टरों की तैनाती, तकनीकी स्टाफ और उपकरणों की आवश्यकता संबंधी प्रस्ताव भेजे जाएँ। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों को रोटेशन के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में भेजा जाए तथा प्रदेश सरकार जल्द ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती कर रही है। जिला विकास प्राधिकरण की समीक्षा के दौरान सांसद भट्ट ने सचिव को निर्देश दिए कि भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु नियमित कैंप लगाए जाएँ और जनता की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए। पिछली बैठक में भीमताल ब्लॉक भवन में वर्षा के दौरान पानी टपकने की आपत्ति पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने मरम्मत तो कर दी, लेकिन सत्यापन नहीं कराया। इस पर सांसद ने नाराजगी जताते हुए जांच के आदेश दिए। बीएसएनएल अधिकारियों ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में 90 प्रतिशत नेटवर्क समस्याओं का समाधान कर लिया गया है। नए टावर लगाने का सर्वे भी जारी है। सांसद भट्ट ने निर्देश दिए कि ओखलकांडा क्षेत्र में नेटवर्क समस्या का तत्काल समाधान किया जाए और शीघ्र बीएसएनएल की अलग बैठक आयोजित की जाए। शिक्षा विभाग समीक्षा में सांसद ने डॉनपरेबा क्षेत्र के एक विद्यालय का मामला उठाया, जिसका ध्वस्तीकरण एक वर्ष पूर्व किया गया, पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। खेल विभाग की समीक्षा में सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 32 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। सांसद ने मोतीनगर और हरिपुर बच्ची क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त फेंसिंग को लेकर चिंता व्यक्त की और प्रभागीय वनाधिकारी को शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा धरमवाल, विधायक सरिता आर्या, राम सिंह कैड़ा, ब्लॉक प्रमुख भीमताल हरीश बिष्ट, ओखलकांडा के डी. रूवाली, रामगढ़ के दीप कुमार, हल्द्वानी की मंजू गौड़ सहित जिलाधिकारी ललित मोहन रायल, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, प्राधिकरण सचिव विजय नाथ शुक्ल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया दम

## आर.ए.एन. स्कूल में अंतर-विद्यालयी खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल डिबडिबा में अंतर-विद्यालय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 11 विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक विंग कमांडर श्री एच.के. राय द्वारा फीता काटकर किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना, उन्हें एक प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करना औरउनकी प्रतिभा को निखारना था। प्रतियोगिता में बास्केटबॉल, स्केटिंग और टेबल टेनिस प्रमुख आकर्षण रहे, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन का लक्ष्य केवल खेल भावना को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि छात्रों को खेल को करियर के रूप में अपनाने हेतु प्रेरित करना भी रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ छात्रों के बीच आपसी सौहार्द और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। बास्केटबॉल (अंडर-19 बॉयज) वर्ग में एसकेएम हल्द्वानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आरएएन भुरारानी की टीम द्वितीय रही। अंडर-19 गर्ल्स वर्ग में शिवालिक होली माउंट अकादमी काशीपुर ने पहला स्थान हासिल किया और ਟਛ डिबडिबा उपविजेता बना। स्केटिंग प्रतियोगिता में भी आरएएन समूह के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-10 से 12 बॉयज इनलाइन श्रेणी में आरएएन बिलासपुर ने प्रथम और द्वितीय दोनों स्थान प्राप्त किए, जबकि क्वाड श्रेणी में ਟਛ डिबडिबा ने प्रथम और द्वितीय स्थान अपने नाम किए। अंडर-15 बॉयज वर्ग में प्रथम और द्वितीय स्थान आरएएन डिबडिबा के नाम रहे, जबकि तृतीय स्थान ਟਛ डिबडिबा और स्टोन रिज रुद्रपुर ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। अंडर-15 गर्ल्स श्रेणी में ਟਛ डिबडिबा प्रथम, स्टोन रिज रुद्रपुर द्वितीय और आरएएन डिबडिबा तृतीय स्थान पर रहा। विजेता छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मोहित राय ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में हार-जीत महत्वपूर्ण नहीं होती, बल्कि सीखने और आत्मविश्वास की भावना ही वास्तविक विजय होती है। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती निधि राय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चे में किसी न किसी प्रकार की प्रतिभा होती है, जिसे पहचानना और निखारना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती ममता बिष्ट ने सभी विजेताओं और प्रतिभागी विद्यालयों को बधाई देते हुए सफल सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय परिसर में उत्साह, जोश और खेल भावना से परिपूर्ण यह आयोजन छात्रों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ।



# बारात में हाईबेस बड़े डीजे के उपयोग पर प्रतिबन्ध



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर कोतवाली परिसर के सभागार में एसपी क्राइम जगदीश चंद्रा द्वारा सिटी द्वारा मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान की उपस्थिति में शहर के बैंकट हाल एवम डीजे स्वामियों के साथ सुव्यवस्थित यातायात हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कई निर्देश दिए गए जिनका कड़ाई से अनुपालन किए जाने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। एसपी क्राइम ने बताया कि बारात समारोह में पहियों वाले बड़े बड़े लाइटिंग झालर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे, उल्लंघन पर नियमानुसार जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। केवल हाथ से पकड़कर चलाए जाने वाले लाइटिंग झालर की अनुमति रहेगी। उन्होंने बताया बारात घर/वेन्यू के गेट से बारात की लंबाई अधिकतम 200 मीटर तक ही सीमित रखी जाय जिससे यातायात प्रभावित न हो।बारात समारोह की हेड और टेल को अनुशासित एवं सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाय।शादी समारोह में सड़कों में हाई-बेस बड़े-बड़े डीजे का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। स्थानीय जनता, बुजुर्गों की शांति एवं बच्चों की पढ़ाई में बाधा को देखते हुए रात 10 बजे के बाद डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। शिकायत प्राप्त होने पर डीजे नियमानुसार जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारियों द्वारा अनियमितता पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। गोष्ठी में प्रभारी निरीक्षक अमर चंद्र शर्मा, यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा, एसएसआई रोहिताश सहित शहर के बैंकट हाल व डीजे स्वामी उपस्थित रहे।

# चौधरी तेज प्रताप के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भूरारानी निवासी समाजसेवी चौधरी तेज पाल सिंह सहरावत के निधन पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं चंदोला होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के एमडी डॉ. केसी चंदौला उनके निवास स्थान पहुंचे और शोक व्यक्त किया। उन्होंने परिवार के सदस्यों पुत्र धर्मेन्द्र चौधरी, पत्नी श्रीमती सरोज और अन्य परिजनों को ढांढस बंधाते हुए संवेदना जताई और दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।



# तरुण सभा में छात्रों ने सीखा संसदीय व्यवहार, अनुशासन और नेतृत्व कौशल

## स.भगत सिंह राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन,विधायक अरोरा ने की कैंटीन निर्माण की घोषणा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में संसदीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय युवा संसद (तरुण सभा) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोकसभा की कार्यप्रणाली का सजीव रूपांतर प्रस्तुत करते हुए विभिन्न पदों और सांसदों की भूमिकाएँ निभाईं। युवा संसद का उद्देश्य छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास, संसदीय प्रक्रियाओं की समझ, अनुशासन, सहिष्णुता एवं नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अवधेश नारायण सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अपने संबोधन में विधायक अरोरा ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और महाविद्यालय परिसर में कैंटीन निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में लोकतांत्रिक सोच और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार ने किया। तत्पश्चात युवा संसद की कार्यवाही प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम प्रश्नकाल में विपक्ष ने बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, आयकर, पर्यावरण संरक्षण और नागरिकता संशोधन विधेयक जैसे मुद्दों पर सत्ता पक्ष से तीखे प्रश्न पूछे, जिनका सत्ता पक्ष ने तर्कपूर्ण उत्तर दिया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी सक्रिय सहभागिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा संसद जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और संवैधानिक मूल्यों का विकास करती हैं तथा उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती हैं। द्वितीय सत्र में सड़क सुरक्षा, जल संरक्षण और साइबर अपराध जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बाद "प्रदूषण पर प्रहार" विषय पर प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया। सत्ता पक्ष ने प्रस्ताव के प्रावधानों को रखा, जबकि विपक्ष ने अपने सुझाव और आपत्तियाँ दर्ज कीं। व्यापक चर्चा के बाद सदन में मतदान हुआ और प्रस्ताव को पूर्ण बहुमत से पारित कर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. अपर्णा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सर्वजीत, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. विवेकानंद पाठक, डॉ. मनोज पांडे, डॉ. रूमा शाह सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।





## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# हिरासत में मौत की घटनाएं

पिछले कुछ वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों में हिरासत में मौत की घटनाओं का मसला चिंताजनक रूप से उभर कर सामने आया है। जांच एजेंसियों का काम आपराधिक मामलों में आरोपियों को न्याय के कठघरे में लाना है। दोष साबित करने के लिए सबूत जुटाने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की होती है। ऐसे में आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करना जांच प्रक्रिया का हिस्सा है। मगर इस दौरान आरोपी की सुरक्षा का दायित्व भी संबंधित जांच एजंसी का ही होता है। सवाल है कि अगर पुलिस या अन्य जांच एजंसियां अपने इस दायित्व को सही तरीके से निभा रही हैं, तो आए दिन हिरासत में मौत के मामले क्यों सामने आ रहे हैं? जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता क्यों नहीं बरती जा रही है। जाहिर है कि इस मामले में कहीं न कहीं लापरवाही और मनमानी की जा रही है, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ा संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत ने राजस्थान में आठ माह के भीतर पुलिस हिरासत में ग्यारह लोगों की मौत हो जाने का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि हिरासत में हिंसा एवं मौत व्यवस्था पर एक धब्बा है और देश अब इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सच है कि लोग जांच एजंसियों पर कम और न्यायपालिका पर ज्यादा भरोसा करते हैं। मगर न्याय प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही अगर किसी आरोपी की हिरासत में मौत हो जाती है, तो निश्चित रूप से न्याय की भावना को चोट पहुंचती है। सर्वोच्च न्यायालय ने मानवाधिकारों के हनन को रोकने के लिए वर्ष 2018 और 2020 में अलग-अलग आदेशों में पुलिस थानों, केंद्रीय जांच ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय और राष्ट्रीय जांच एजंसी सहित अन्य जांच एजंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे तथा रिकार्डिंग उपकरण लगाने को कहा था। इस व्यवस्था से जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता आना स्वाभाविक था, लेकिन इस पर अमल करने में भी कई स्तरों पर कोताही बरती जा रही है। कई पुलिस थानों में सीसीटीवी न लगे होने या उनके बंद होने की खबरें अक्सर आती रहती हैं। इससे स्पष्ट है कि जांच एजंसियां हिरासत में मानवाधिकारों की रक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं। शीर्ष अदालत ने इस मसले पर भी संज्ञान लिया है और अब तक अनुपालन हलफनामे दाखिल नहीं करने वाले राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को इसके लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2017-2022 तक पांच वर्षों में देश भर में पुलिस हिरासत में 669 लोगों की मौत हुई। यह स्थिति पुलिस हिरासत में लोगों की सुरक्षा को लेकर वास्तव में गंभीर चिंता पैदा करने वाली है। इस तरह के मामलों में शारीरिक प्रताड़ना, जरूरी चिकित्सा सेवाएं मुहैया न कराना या आत्महत्या जैसे कारण हो सकते हैं।

# डीएम अंशुल सिंह ने कोसी बैराज का किया स्थलीय निरीक्षण

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने आज राम प्रसाद टम्टा कोसी बैराज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैराज क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने की संभावनाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैराज परिसर का व्यापक निरीक्षण करते हुए कहा कि यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य एवं शांति से परिपूर्ण है, जिसकी वजह से यहां इको-टूरिज्म, वाटर एक्टिविटीज, पिकनिक स्पॉट विकास, ट्रैकिंग ट्रेल्स, व्यू प्वाइंट तथा स्थानीय उत्पादों के विपणन जैसे कई संभावित क्षेत्रों को विकसित किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यटन विकास से जुड़े बुनियादी ढांचे का सर्वे तैयार किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधितों को निर्देश दिए कि मुख्यमार्ग से बैराज तक आकर्षक रंग वाले फूलों के पेड़ लगाए जाएं, जिससे पर्यटकों को आकर्षक लगे। पूरे मार्ग पर हेरिटेज पोल और द्वार



बनाए जाएं। समूचे मार्ग पर सोलर लाइट लगाने के निर्देश संबंधित को दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पूरे बैराज क्षेत्र की भूमि का सीमांकन भी किया जाए जिससे पर्यटन गतिविधियों को लेकर विस्तृत प्लान तैयार किया जा सके। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैराज को डिसिल्ट करने के लिए जल्द से जल्द कार्य आरम्भ कर दिए जाएं। उन्होंने पूरे क्षेत्र की फेंसिंग करने और बाहरी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के कड़े निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने बैराज में बोटिंग, जिपलाइन पर्यटन, कैफे एरिया, पार्क तथा कैंटीन के संचालन के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश संबंधितों को दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने कोसी पुल के निकट बोट हाउस का निरीक्षण किया तथा इस बिल्डिंग के संचालन के संबंध में संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कोसी बैराज को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने से न केवल यहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि अल्मोड़ा जिले में नए पर्यटन आयाम भी जुड़ेंगे। इस दौरान उप निदेशक पर्यटन प्रकाश सिंह खत्री, अधिशाषी अभियंता सिंचाई मोहन सिंह रावत समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# विशाल मेहरा पत्रकार प्रेस परिषद के उपसचिव बने

रूद्रपुर। पत्रकार प्रेस परिषद के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राठौर ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुलाटी की संस्तुति पर विशाल मेहरा को संगठन का नगर उप सचिव मनोनीत किया है। नगर उप सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर विशाल मेहरा को तमाम पत्रकारों ने बधाई दी। उप सचिव बनने पर नवमनोनीत विशाल मेहरा ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुलाटी और जिलाध्यक्ष राठौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए एक सम्मान के साथ-साथ चुनौती भी है। उन्होंने कहा कि वे अपने कर्तव्यों को ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ निभाएंगे और पत्रकार हितों की सुरक्षा, उनके अधिकारों की रक्षा तथा संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सक्रिय योगदान देंगे। उन्होंने संगठन के मार्गदर्शन में पत्रकारों के कल्याण और उनके पेशेवर हितों के लिए निरंतर काम करने का संकल्प भी व्यक्त किया।



# संकल्प कनवाल का राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिले के होनहार खिलाड़ी संकल्प कनवाल का चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर जिले के खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश कनवाल ने बताया कि विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा अल्मोड़ा के कक्षा सावतीं के छात्र संकल्प ने बीते दिनों चयन प्रक्रिया प्रतिभाग किया था। इस दौरान शानदार प्रदर्शन पर उनका अंडर-14 राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन आगामी एक दिसंबर से उमरिया मध्य प्रदेश में होगा। संकल्प के चयन पर जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या, अरूण बग्याल, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, शेखर लखचौरा, कुंदन लटवाल, कोच मनीष कनवाल, भोला कनवाल, दीपक वर्मा, दीपक शाही, गणेश शाही, विनीत बिष्ट, रवि रौतेला समेत कई खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।



# पत्रकार प्रेस परिषद का राष्ट्रीय महाअधिवेशन दिसंबर में : गुलाटी

काशीपुर(उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग कार्यालय में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में परिषद के राष्ट्रीय महाअधिवेशन के साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा, अधिकारों और सुविधाओं से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी ने बताया कि दिसंबर माह में संगठन का राष्ट्रीय महाअधिवेशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और देशभर से 1000 से अधिक पत्रकार शामिल होंगे। यह भव्य अधिवेशन बुलंदशहर या नोएडा में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि संगठन तेजी से विस्तार कर रहा है और नई कार्यकारिणियां गठित की जा रही हैं। अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) सत्य और निष्पक्षता पर आधारित पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने कालीन स्थिति में तत्काल वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सके। पत्रकार उत्पीड़न के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने कहा कि किसी पत्रकार के साथ अन्याय होने पर परिषद



कहा कि परिषद अपने सदस्यों के लिए देशभर में टोल टैक्स मुक्त यात्रा की दिशा में कार्य कर रही है। इसके साथ ही पत्रकारों के लिए विशेष बीमा योजना भी लागू की जा रही है, जिससे आपात हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़ेगी। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि संरक्षण केवल सत्यनिष्ठ पत्रकारों को ही मिलेगा। यदि कोई सदस्य अवैध वसूली या अन्य अनियमितताओं में दोषी पाया जाता है, तो संगठन उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई करेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने काशीपुर, जसपुर और ठाकुरद्वारा के लिए नए अध्यक्षों की घोषणा की और नवनियुक्त पदाधिकारियों को तीन दिनों के भीतर अपनी कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए गए। लगभग तीन घंटे तक चली बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने काशीपुर इकाई के लिए अध्यक्ष अजय कुमार सक्सेना, ठाकुरद्वारा में अध्यक्ष देशरतन चौहान, जसपुर में अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव को घोषित किया। इसके अलावा ठाकुरद्वारा महासचिव हरिश्चंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पैट्रिक चरन, महासचिव पुनीत कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज पंत, उपाध्यक्ष महबूब अली, जिला सचिव प्रकाश चंद्र जोशी, सचिव जावेद हुसैन, सचिव बकुल डोनाल्ड सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने परिषद की सदस्यता भी ग्रहण की।

# धौलछीना में चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। धौलछीना पुलिस ने 302 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष धौलछीना सुनील सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस जनसहायता केन्द्र बाड़ेछीना के पास एक व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत हुआ। पुलिस ने व्यक्ति को रोका और तलाशी ली। इस दौरान आरोपी हरीश राम पुत्र लछम राम, निवासी मनीआगर, धौलछीना जिला अल्मोड़ा के कब्जे से 302 ग्राम चरस बरामद हुई। मौके पर पुलिस ने चरस को सीज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बरामद चरस की कीमत करीब 60 हजार से अधिक आंकी गई। गिरफ्तारी टीम में एएसआई गोकुल प्रसाद टम्टा, हेड कांस्टेबल, गोपाल गिरी, कांस्टेबल राजेन्द्र गोस्वामी शामिल रहे।






# रुद्रपुर में गुरु मां मिथिलेश का भव्य स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सहारनपुर ओम मंदिर दरबार की गद्दीनशीन परम पूजनीय गुरु मां मिथिलेश जी के रुद्रपुर आगमन पर व्यापारी समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया। व्यापार मंडल के जिला मंत्री के प्रतिष्ठान न्यू आर साइकिल पर व्यापार मंडल पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं ने गुरु मां का फूल मालाओं से अभिनंदन किया। इस दौरान व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संजय जुनेजा, अनुज सक्सेना, पवन गाबा, नीरज बत्रा, श्याम लाल चावला, मनोज कक्कड़, जतिन नागपाल, चेतन खनिजो, अजय फुटेला, मदन लाल गुंबर, शिवा चावला, तनिष सिकरी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। गुरु मां मिथिलेश जी ने कार्यक्रम के दौरान राजकुमार सिकरी को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए आशीर्वाद भी प्रदान किया। स्थानीय स्तर पर गुरु मां के आगमन को लेकर उत्साह और श्रद्धा का विशेष माहौल देखने को मिला।

# करणी सेना के वार्षिक अधिवेशन में जनसंख्या नियंत्रण कानून पर दिया जोर

रामनगर(उद संवाददाता)।करणी सेना के वार्षिक अधिवेशन में संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी और उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिवलालपुर चुंगी से कार्यक्रम में भाग लेने आए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने विशाल ध्वज यात्रा निकाली। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि आज जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू न होने के कारण जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इसे रोकने के लिए "दो बच्चों का कानून" प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तराखंड से हिंदू समाज के लोग लगातार पलायन कर रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री राखी करके ने कहा कि उत्तराखंड ही नहीं, पूरे देश में लव जिहाद की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिनमें अधिकांश मामलों में नाबालिक किशोरियां शिकार बन रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इस पर प्रभावी कदम उठाने चाहिए और अपराधियों को कठोर सजा देने के लिए कड़ा कानून बनाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस मामले में नाकाम रहती है, तो संगठन के कार्यकर्ता स्वयं आगे आएंगे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि संगठन की जिम्मेदारी है कि वह मां-बहनों की अस्मिता की रक्षा करे, मंदिर-मठों और पुजारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे और सनातन धर्म को बढ़ावा दे। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि धर्म, महिलाओं, मंदिर-मठ और पुजारियों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संगठन के युवा शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी ने किया।



# सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर में प्रथम विज्ञान व प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विज्ञान शिक्षा व प्रौद्योगिकी परिषद( यूकास्ट) के निर्देशानुसार प्रथम विज्ञान व प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग का आयोजन सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर में प्रकाश शर्मा, सतपाल सिंह, अंजली जगाती शाह व डॉ संदीप कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रतियोगिता के अंतर्गत विकास खंड गदरपुर के समस्त राजकीय व अशासकीय विद्यालयों से एक-एक छात्र ने प्रतिभाग किया जिसमें क्रमश: पायल (रा.उ.मा.वि. जगदीशपुर), भावना बिनोली( सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर), हर्ष पाल( विश्वास रेड रोज दिनेशपुर) व रितिक(ए.एन.के.इंटर कॉलेज गूलरभोज) ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता को लेकर प्रतिभागियों में काफी उत्साह रहा। ब्लॉक समन्वयक सतपाल ने सम्बोधन में बताया गया कि प्रतियोगिताएं बच्चों में सिखने व प्रगति का माध्यम हैं। अंजली जगाती शाह ने बताया कि विज्ञान प्रतियोगिताएं बच्चों में नवाचार की प्रवृत्ति को जन्म देती हैं। कार्यक्रम प्रभारी व संचालक डॉ संदीप कुमार पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में बच्चों को बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण व नवाचार की भावना के साथ- साथ वैश्विक चुनौतियों के समाधान हेतु युवाओं को प्रेरित करना है।इस दौरान सुरेश प्रजापति,दीपक शर्मा, रवि विश्वकर्मा, निर्मल रानी,शीबा परवीन,महेश सिंह, अमित कुमार, सुरेंद्र सिंह यादव के साथ- साथ अन्य विद्यालयों से आये मार्गदर्शक शिक्षक व प्रतिभागी छात्र- छात्र-छात्राए उपस्थित थे।



# छज्जे के विवाद में मारपीट, एक भाई की मौत

शक्तिफार्म। बैकुंठपुर में मकान के छज्जे के निर्माण को लेकर हुए विवाद में पांच भाइयों के बीच मारपीट हो गई। विवाद के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में एक भाई की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर निवासी पांच भाइयों के बीच लंबे समय से संपत्ति का विवाद चल रहा था। गुरुवार को छोटे भाई के मकान के छज्जे को लेकर बड़े भाई से तनातनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि बड़े भाई और उसके पुत्र ने मिलकर चारों छोटे भाइयों के साथ हाथापाई की। इस दौरान तीसरे नंबर के भाई सुखरंजन बढ़ई (50) को सीने में अचानक तेज दर्द उठा और वह बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन उन्हें तत्काल सितारगंज स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सुखरंजन पहले से हार्ट के मरीज थे और खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। जमीनी विवाद को लेकर वह काफी समय से मानसिक तनाव में भी थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी बीएस धौनी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# शादी समारोह के दौरान मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रवीन विश्वास ने थाना ट्राजिट कैम्प में 27 नवंबर 2025 को एक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि 26 नवंबर की रात लगभग 10 बजे उनके मामा की बेटी की शादी आजाद नगर, शमशान भूमि रोड पर थी। शादी के दौरान जस्सी, छोटू और उनके साथ करीब 10 अन्य लड़के शराब पी रहे थे। प्रवीन विश्वास अपने घर लौट रहे थे, तभी उक्त लोग उन्हें घेरकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उन्होंने प्रार्थी को पीटा। जब परिवार के सदस्य, उनके चाचा मिथुन वर्मा और चाची सुरो मदद के लिए आए, तो उन पर भी हमला किया गया। इसी दौरान शादी समारोह स्थल पर तोड़-फोड़ हुई और ईंट-पत्थर फेंके जाने से कई मेहमान घायल हुए। रात लगभग 12 बजे आरोपित फिर प्रार्थी के घर तमंचा लेकर पहुंचे, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस ने उन्हें भागा दिया। पीडित ने शिकायत में कहा कि उक्त लोगों से उनकी जान-माल को खतरा है। उन्होंने थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पंजीकृत डाक द्वारा

**सं. भा.ति.सी.पु.बल/45वीं वा./स्था-02/ न्यायिक जाँच/**
**हैड.का/ सी.एम विशाल सिंह राणा/2025/4511**
**कार्यालय सेनानी, 45वीं वाहिनी/भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल**
**गृह मंत्रालय/भारत सरकार,**
**इडियापटटी कैम्प, पो.ओ. साउथ आमूर, जिला-मदूरे (तमिलनाडु)-625110**
E Mail-itcell45thbn@itbp.gov.in

दिनांक:- 04.10.2025

**''कारण बताओ नोटिस''**

आपको दिनांक 07.06.2025 (अप्रा.) से दिनांक-19.06.2025 (अप्रा.) तक 10 दिन आकस्मिक अवकाश स्वीकृत कर भेजा गया था। अवकाश समाप्ति के उपरांत आपके द्वारा दिनांक 19.06.2025 (अप्रा.) को अपनी आमद वाहिनी मुख्यालय में देनी, किन्तु आपके द्वारा ड्यूटी पर आमद होने के बजाय दिनांक 20.06.2025 को ई-मेल के माध्यम से माताजी के घुटने के ईलाज हेतु 30 दिन अर्जित अवकाश बढोतरी हेतु अनुरोध किया गया। प्रशासनिक कारणों से 30 दिन अर्जित अवकाश बढोतरी हेतु किये गये आपके अनुरोध को सक्षम अधिकारी द्वारा अस्वीकार करते हुए कार्यालय ज्ञापन संख्या 1429 दिनांक-25.06.2025 एवं कार्यालय ज्ञापन संख्या-1500 दिनांक-02.07.2025 के तहत आपको ड्यूटी पर आमद देने हेतु निर्देशित किये जाने के उपरान्त भी आप न तो अपनी ड्युटी पर आमद हुए और न ही दिनांक-20.06.2025 के उपरान्त आपके द्वारा कोई सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। 45वीं वाहिनी के पत्र संख्या-2638 दिनांक 19.07.2025 के तहत आपके उत्तराधिकारी श्रीमती पार्वती देवी (माताजी) से अपने पुत्र को शीघ्र ड्यूटी ज्वाईन करने के लिए निर्देशित करने हेतु अनुरोध किया गया, किन्तु आपके द्वारा अभी तक अपनी आमद वाहिनी मुख्यालय में नहीं दी गई। जिसके फलस्वरूप पत्रांक संख्या-593 दिनांक 19.07.2025 के तहत पुलिस अधीक्षक, जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) से आपको गिरफ्तार कर वाहिनी मुख्यालय 45वीं वाहिनी भा.ति.सी.पु.बल इडियापट्टी, पो.-साउथ आमूर, जिला-मदूरै (तमिलनाडु) को सुपुर्द करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसकी एक प्रति थाना प्रभारी थाना नानकमता जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) को भेजी गई।

2 उपरोक्तानुसार आपको बार-बार निर्देशित करने के उपरान्त भी आपके द्वारा अभी तक अपनी आमद 45वीं वाहिनी मुख्यालय मुख्यालय में नहीं दी है और न ही दिनांक-20.06.2025 (अप्रा.) के उपरान्त स्वयं की अनुपस्थिति के बारे में किसी माध्यम से इस वाहिनी से सम्पर्क स्थापित किया गया। पुलिस अधीक्षक, जिला ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) द्वारा भी आपको गिरफ्तार कर 45वीं वाहिनी को सुपुर्द नहीं किया गया है। आपको ड्यूटी पर आमद देने हेतु बार-बार निर्देशित किये जाने के बावजूद भी आपके द्वारा 45वीं वाहिनी में आमद नहीं देने से स्पष्ट होता है कि आप स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे हैं और आप बल में आगे के लिए सेवा करने हेतु इच्छुक नहीं है।

3 आपके दिनांक 19.06.2025 (अप्रा.) से बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति/अवकाश स्वीकृति के अवकाश से अनुपस्थित रहने के कारणों का पता लगाने हेतु 45वीं वाहिनी के कार्यालय आदेश संख्या 1696 दिनांक-22.07.2025 के तहत न्यायिक जांच समिति का गठन किया गया, गठित न्यायिक जांच समिति की राय / निष्कर्ष एवं तथ्यों के आधार पर भा.ति.सी. पुलिस अधिनियम-1992 की धारा-74 (2) एवं स्थाई आदेश संख्या 21/2014 दिनांक 26.06.2014 में निहित प्रावधानों के अनुसार आपको 45वीं वाहिनी के आदेश संख्या-3822-30 दिनांक 30.08.2025 के तहत दिनांक 19.06.2025 (अप्रा.) से बल से ''भगौड़ा'' (DESERTER) घोषित किया गया है, जिसकी प्रति पंजीकृत डाक के माध्यम से आपके गृहनगर पर भी भेजी गई है।

4. आपके अनुपस्थित संबंधी प्रकरण पर भा.ति.सी.पु.बल अधिनियम-1992 एवं नियमावली 1994 में निहित प्रावधानों के अनुसार अग्रिम निर्णय लेने से पूर्व आपको पुनः एक और अवसर देते हुए यह **''कारण बताओ नोटिस''** इस आशय से जारी किया जा रहा है कि आप इस नोटिस के जारी होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर 45 वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु.बल, मदूरै (तमिलनाडु) में रिपोर्ट करें अथवा अपने बचाव पक्ष में तथ्य/उचित दस्तावेज इस कार्यालय को प्रस्तुत करें अन्यथा एक तरफा निर्णय लेते हुए आपको **"सेवा से बर्खास्त''** कर दिया जायेगा।

**सेनानी**
**45वीं वाहिनी. भा.ति.सी.पु.बल**

**To,**
**Regt No. 240450105 HC(CM) Vishal Singh Rana**
**S/o Sh. Gyan Singh Rana, Vill-Devkali,**
**Post Office- Nanakmatta, Tehsil- Sitarganj,**
**Distt-Udham Singh Nagar (Uttarkhand) Pin- 262311.**
**Email-ranavishal2496@gmail.com ... Mob No-8941847548**

**CBC 19112/11/0178/2526**

# बेवजह मामले को तूल दे रहा था विपक्ष: बहुगुणा

शक्तिफार्म। प्रहलाद पलसिया प्रकरण के समाधान के बाद कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी थी कि प्रभावित परिवारों के एक-एक सदस्य को रोजगार और प्रत्येक परिवार को रहने के लिए आवास उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री ने बताया कि यह आश्वासन मंच से भी दिया गया था और इसी आधार पर सहमति बनी है। मंत्री बहुगुणा ने कहा कि बावजूद इसके आंदोलन को जारी रखना अनावश्यक था। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने इस मुद्दे को तूल देकर सरकार को बदनाम करने और समाज को बांटने की कोशिश की, लेकिन उनकी मंशा सफल नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि शक्तिफार्म और सितारगंज की जनता समझदार है, वे किसी के बहकावे में नहीं आएंगे और विकास के कार्यों में सहयोग करते रहेंगे।



## पेज एक का शेष...

**ऐतिहासिक होगा ..**महत्वपूर्ण है। सरकार सभी अखाड़ों के साथ निरंतर संवाद रखेगी और मेले से जुड़ी हर व्यवस्थाख्रसुरक्षा, स्वच्छता, आवागमन, तकनीकी प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाएंख्रसर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में यह भी स्पष्ट किया कि शासन-प्रशासन और मेला समिति पूरी तत्परता के साथ तैयारियों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के अनुभव को सहज और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष ध्यान रखा जाएगा। संत समाज ने मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता की सराहना की और आश्वासन दिया कि वे अर्धकुंभ मेला 2027 को भव्य और विश्व-स्तरीय बनाने में पूर्ण सहयोग करेंगे। बैठक में मेला प्रशासन ने संतों के सुझावों को नोट किया और आगामी व्यवस्थाओं में उन्हें लागू करने का भरोसा दिया। बैठक में शाही स्नानों की तिथियां भी घोषित की गयी। पहला शाही स्नान 14 जनवरी 2027 को रखा गया।

**धामी राज में रिवर्स...**की धरती से वापस उत्तराखंड लौटे हैं । इसके अलावा देश के अन्य राज्यों के अलावा राज्य के अन्य जिलों से और इस जिले के नजदीकी शहरों से भी लोगों ने वापस अपने अपने गांव में रिवर्स पलायन किया है।पलायन आयोग अध्यक्ष एसएस नेगी के अनुसार आयोग ने पिछले तीन महीने में पूरे प्रदेश भर में सर्वे करके ऐसे गांवों को चिन्हित किया, जहां पर लोगों ने रिवर्स पलायन किया है। इस सर्वे में आयोग ने पाया कि प्रदेश भर में अभी तक 6000 से ज्यादा लोगों ने रिवर्स पलायन किया है। ये सभी लोग अलग-अलग सेक्टर में नए तौर तरीकों के साथ काम कर रहे हैं। ये लोग बागवानी, मत्स्य पालन, पर्यटन के अलावा अन्य रोजगार के साधनों से अपनी आजीविका की नई पारी शुरू कर रहे हैं। यही नहीं इन लोगों ने अन्य को भी रोजगार देने का काम किया है।

**जयंती पर स्वतंत्रता...**आदि मौजूद थे। पंडित रामसुमेर शुक्ला की जयंती पर आज राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम रामनगर में भी समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रात: श्री सुखमनि साहिब का पाठ, लंगर सेवा व कात्यायनी अस्पताल के सहयोग से विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। तत्पश्चात ग्राम नजीमाबाद जीरो बंधा गुरूद्वारा साहिब में कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें सैकड़ों लोगों ने पंडित रामसुमेर शुक्ल को श्रद्धांजलि अर्पित की। जेष्ठ प्रमुख संजय सिंह, कनिष्ठ प्रमुख नरेंद्र बागवानी, ग्राम प्रधान विनीत सिंह सोलंकी, गफ्फार खान, आशीष तिवारी, धर्मराज जायसवाल, सुरेंद्र चौधरी, संदीप अरोड़ा, रामू चतुर्वेदी, भारत मिश्रा, आशीष शुक्ला, बिजेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी, प्रमोद गुप्ता, कविता मान, मधु गुप्ता, पूनम प्रजापति, भोपाल सिंह रावत, बीवी मिश्रा, अजय कुमार, गोपाल जोशी, बिजेंद्र यादव, लक्ष्मी पाल, रजनीश कुमार, अंकित दुबे, नीरज खग्गर, सुशील यादव, धनीराम, शेर सिंह, उदय वार्ष्णेय, अजय तिवारी, अरुण दीक्षित, मानवेंद्र सिंह, धीरज सिंह, ज्ञान तिवारी, महामाया मिश्रा, मनोज पांडे, नेपाल विश्वास, शिवम त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, जे बी सिंह, आदेश तिवारी, राजवीर यादव, राजेश मिश्रा, बलजीत सिंह गाबा आदि मौजूद थे।

**सिरौली में कई मकान...**के नेतृत्व में दूसरे दिन भी सिरौली में भूमि विक्रय करने के मामलों की जांच की तथा इस दौरान बिना नक्शे के बना रहे तमाम आलीशान भवनों को सील करते हुए नोटिस देने की कार्यवाही करने का आदेश अधीनस्थ कर्मचारियों को दिया। एडीएम ने सिरौली में संपूर्ण भूमि की सूची बनाने के लिए विकास प्राधिकरण एवं तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी को निर्देशित करते हुए सूचीबद्ध करने का आदेश भी दिया। इस दौरान एडीएम ने विकास प्राधिकरण के उपस्थित अधिकारियों को भी जमकर फटकार लगाई। अधिकांश निर्माणधीन भवनों की ना तो दाखिल खारिज थी और ना ही नक्शे पास पाए गए । जबकि निर्माण काय जारी था। यह देखकर अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शीघ्र ही सभी बगैर नशे के पास निर्माणधीन भवनों को नोटिस जारी किया जाए तथा सार्थक जवाब न देने पर ध्वस्तीकरण किया जाय। उल्लेखनीय की क्षेत्र में तमाम स्थानों पर बिना भूमि श्रेणी चेंज किये तथा रजिस्ट्री व दाखिल खारिज किए बगैर स्टाम्पों पर भूमि क्रय विक्रय करने का कार्य जोरों पर चल रहा है जिस वजह सरकार को राजस्व की भारी हानि हो रही है मामला संज्ञान में आते ही विकास प्राधिकरण अब ऐसे मामलों में कार्रवाई के मूड में आ गया है। स्टांप पेपर पर खरीदी गई भूमि को नियमित करने के लिए अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने सभी को 15 दिन का समय दिया है यह स्पष्ट कर दिया गया है कि 15 दिनों के अंदर अपने सभी कागजों को पूर्ण करने की कार्रवाई कर लें। एडीएम ने स्पष्ट किया है कि बगैर नशे के मकानों का निर्माण ना किया जाए। उन्होंने प्रेस को बताया कि बतायां कि आज की कार्यवाही में 12 आवासीय भवन निर्माणधीन पाए गए इसके अलावा एक बैंकट हॉल एक कमर्शियल बिल्डिंग व एक स्कूल में भी निर्माण कार्य चल रहा था उन्होंने यह भी कहा कि यह कहीं ना कहीं त्रुटियां हैं। यह कर्मचारियों का फैलियर है। इसके खिलाफ भी का विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी जो कर्मचारी इसमें दोषी पाए जाएंगे कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की भूमि श्रेणी एक क में दर्ज है उन लोगों को मौका दिया जाएगा। अवैध तरीके से जमीन की खरीद फरोख्त हो रही है जिसे रोकने के लिए कार्रवाई किया जाना आवश्यक है।प्राधिकरण की कार्रवाई में उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी डीसी गुररानी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला, कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

**विवाह समारोह में ...**लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि अवैध और लाइसेंसी असलहे का दुरुपयोग रोकने के लिए सख्ती बरती जाए। इसके बावजूद कुछ लोग ऐसे मौके का फायदा उठाकर फायरिंग कर रहे हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं बढ़ गई हैं।

**कार की टक्कर से ...**रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कमल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल राहुल को स्थानीय लोगों और चमोली थाने की पुलिस की मदद से तत्काल जिला अस्पताल गोपेश्वर पहुंचाया गया। गंभीर चोटों और अत्यधिक रक्तस्राव के चलते राहुल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनोंशवोंका पंचनामा भरकर मोर्चरी में रखवाया है।

## सूचना नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राईविंग लाईसेंस सं. UK 0620100013957 में मेरा नाम KISHOR KUMAR S0N OF KRIHSAN KANT अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही और वास्तविक नाम KISHOR KUMAR GOSWAMI S0N OF KRISHNAKANT GOSWAMI है जो मेरे सभी दस्तावेजों में अंकित है।

**किशोर कुमार गोस्वामी पुत्र श्री कृष्णाकांत गोस्वामी निवासी- वार्ड नं. 35 आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी , रूद्रपुर, उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड**




## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Poorntma Pal (पुराना नाम) से बदलकर Poornima Das (नया नाम) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए ।

पूर्णिमा दास पत्नी श्री रतन चन्द्र दास निवासी-वार्ड न.01, ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड-263153

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# विवादित टिप्पणी करने पर आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ सौंपी तहरीर

रूद्रपुर। मध्य प्रदेश में एससी एसटी अधिकारी कर्मचारी संगठन के मध्य प्रदेश प्रांत के अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा एक सार्वजनिक मंच से अपने भाषण के दौरान ब्राह्मण बहू बेटियों के मान सम्मान के विरुद्ध दिए गए बयान पर रोष व्यक्त करते हुए ब्राम्हण महासभा ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। सौंपी गयी तहरीर में ब्राम्हण महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि एससी एसटी अधिकारी कर्मचारी संगठन के मध्य प्रदेश प्रांत के अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा एक सार्वजनिक मंच से अपने भाषण के दौरान बाम्हण समुदाय की बहन बेटियों के लिए घृणित और अपमानजनक टिप्पणी की है। सार्वजनिक मंच से ऐसे शब्द सामाजिक सदभाव को बिगाड़ने के उद्देश्य से कहे गये हैं, जिससे ब्राम्हण समाज में भारी रोष है। संगठन ने आईएएस अधिकारी वर्मा को निलंबित करने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। तहरीर सौंपने वालों में ब्राहमण महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित देव मेनन, पदम शर्मा, सुनील तिवारी, संजीव शर्मा, राधेश शर्मा, रजत दीक्षित, इन्द्रेश मिश्रा, चेतन शर्मा, सतीश लोहनी, नवीन नैनवाल, जितेन्द्र मिश्रा, नरेश उप्रेती, नितिन कौशिक आदि शामिल थे।



# किशनपुर रेंज में वन विभाग ने पकड़ी सागौन की अवैध लकड़ी

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। किशनपुर रेंज में अवैध लकड़ी तस्करी पर वन विभाग ने शुक्रवार सुबह एक महत्वपूर्ण छापा मारा। रेंजर घनानंद चनियाल के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में बैकुंठपुर निवासी निरंजन बढ़ई के घर से भारी मात्रा में सागौन की चिरान बरामद की गई। विभाग की टीम ने मौके से लगभग 400 सागौन फंटियां (प्रकाष्ठ, फ्रेम) जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया। सूत्रों के अनुसार, वन विभाग को सुबह मुखबिर से सूचना मिली थी कि बैकुंठपुर गांव के एक पुराने कमरे में बड़ी मात्रा में अवैध सागौन लकड़ी छिपाकर रखी गई है। सूचना की पुष्टि होते ही विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और संदिग्ध कमरे की तलाशी ली। तलाशी के दौरान सैकड़ों कीमती सागौन लकड़ी की फ्रेम बरामद हुई, जिसकी बाजार में अच्छी खासी कीमत बताई जा रही है। रेंजर घनानंद चनियाल ने बताया कि अवैध सागौन चिरान के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और किसी भी सूरत में वन्य संपदा की तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में मामला गंभीर पाया गया है और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान खीम सिंह अधिकारी, भूपाल सिंह, संजय कुमार सहित कई वनकर्मी मौजूद रहे। छापेमारी के समय ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने विभाग की इस कार्रवाई की सराहना की।



# श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर निकला महान नगर कीर्तन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिखों के नवम गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर आज नगर में भव्य नगर महान कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में सबसे आगे पालकी साहब विराजमान थे और भक्तिमय माहौल में शबद कीर्तन का गायन किया गया। मार्ग में जगह-जगह नगर कीर्तन का स्वागत किया गया और बड़ी संख्या में सहजधारी संगत मौजूद रही। नगर कीर्तन गुरुद्वारा गोल मार्केट, पांच मंदिर, काशीपुर बायपास, अग्रसेन चौक, महाराणा रणजीत सिंह चौक होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुँचा। इस दौरान गुरुद्वारा गोल मार्केट और आवास विकास गुरुद्वारे में पालकी साहब विराजमान रहे। साथ ही सुखमनी सेवा समिति रुद्रपुर और आवास विकास के जत्थेदारों ने शबद कीर्तन द्वारा वातावरण भक्तिमय बना दिया गया। नगर कीर्तन में पहुंचे उत्तराखंड युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महान योद्धा, आध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी और मातृभूमि के प्रेमी थे। उन्होंने मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। चुघ ने बताया कि औरंगजेब के अत्याचार के समय गुरु जी ने कश्मीरी पंडितों के जबरन धर्मांतरण का विरोध किया और सिख धर्म, हिंदू धर्म तथा मानवता की रक्षा के लिए साहसपूर्वक खड़े रहे। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को ऐसे महान गुरुओं से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। नगर कीर्तन का श्री सनातन धर्म सभा द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के समक्ष पुष्प वर्षा के साथ स्वागत कर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान महेश बब्बर, ओम प्रकाश अरोरा, विजय विरमानी, राकेश सुखीजा, राकेश राजदेव, बंटी ग्रोवर, अश्वनी जुनेजा, अमित अरोरा बॉबी, दीपक गुगलानी, शशि अरोरा, पिंकी ग्रोवर, सीमा दुनेजा आदि शामिल रहे। नगर कीर्तन में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जोगेन्द्र सिंह, गुरमीत गाबा, राम सिंह बेदी, सुरमुख सिंह विर्क, साहब सिंह विर्क, परविंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह, अजीत सिंह, मंदीप सिंह, मंजीत सिंह, बलजीत गाबा, धर्मेंद्र सिंह, बिट्टू, ओमपाल कोली सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे और श्रद्धा भाव से इस भव्य आयोजन में भाग लिया।












# उत्तराखंड का पहला बालक लेगा जैन भागवती दीक्षा

## जैन स्थानक में संभव जैन का धूमधाम से हुआ तिलक समारोह

रूद्रपुर। उत्तराखण्ड प्रदेश से प्रथम बार एक बालक जैन भागवती दीक्षा अंगीकार करने जा रहा है। यह दीक्षा 1 फरवरी 2026 को दिल्ली में श्री सुदर्शन संघ के तत्वावधान में आयोजित होगी। उत्तर भारत के अन्य राज्यों जैसे हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल आदि से पहले भी कई बच्चे मोक्ष मार्ग के पथिक बन चुके हैं, लेकिन संपूर्ण उत्तराखण्ड के लिए यह पहला अवसर है। रूद्रपुर से जैन समाज के बालक संभव जैन इसी दिन दिक्षित होंगे। दीक्षा से पूर्व संभव जैन का तिलक समारोह शुक्रवार को जैन स्थानक, आदर्श कॉलोनी, रूद्रपुर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में संभव जैन का जोरदार स्वागत किया गया और गाजे-बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी शोभा यात्रा में शामिल होकर संभव जैन का स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संभव जैन के भागवती दीक्षा अंगीकार करने से न केवल जैन समुदाय को गर्व महसूस हो रहा है, बल्कि उत्तराखण्ड के युवाओं के लिए यह एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने वाले बच्चों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए। इस दौरान अन्य गणमान्य लोगों में ताराचन्द्र अग्रवाल, जयभगवान जैन, कैलाशगर्ग सजेय जुनेजा, राजकुमार सीकरी, बन्टी मक्कड़ और सुनील ठुकराल शामिल थे।



